**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.01.2025 / 9:20बजे /**

**समिति**

राज्य के लिए अतिरिक्त राजस्व अर्जित करने की संभावना तलाशने और क्रेडिट बाजार के विभिन्न पहलुओं का पता लगाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने 10 सदस्यीय कार्बन क्रेडिट समिति गठित की है। यह समिति अतिरिक्त मुख्य सचिव वन की अध्यक्षता में गठित की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि यह समिति मौजूदा अन्तरराष्ट्रीय और घरेलू बाजारों का आकलन करेगी ताकि प्रदेश के लिए क्षेत्र विशेष कार्बन बाजार विकसित करने के लिए अध्ययन किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समिति विभागों को कार्बन क्रेडिट सुरक्षित करने के लिए परियोजनाएं तैयार करने में मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ–साथ परियोजना डेवलपर्स, सलाहकारों, खरीदारों व व्यापारियों को परियोजनाएं विकसित करने में सहयोग करेगी।

**महाकुंभ**

प्रयागराज में आज मौनी अमावस्या पर महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान है। मौनी अमावस्या का धार्मिक दृष्टि से विशिष्ट महत्व है और इस दिवस पर अमृत स्नान अत्यंत पावन माना जाता है।

महाकुंभ मेला विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम है। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ मेले में पहला अमृत स्नान मकर संक्रान्ति पर 14 जनवरी को संपन्न हुआ था। मौनी अमावस्या स्नान के लिये आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पंहुचे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने सात स्तरीय पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किये हैं और मेला क्षेत्र को वाहन रहित व वीआईपी रहित क्षेत्र घोषित किया है। मेला क्षेत्र में सुरक्षा व चिकित्सा सुविधाओं के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इस बीच मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश के धार्मिक स्थलों तत्तापानी, श्री माकेण्डेय ऋषि व अन्य धार्मिक स्थलों व सरोवरों पर लोग पवित्र स्नान व दान इत्यादि कर रहे हैं।

**दिल्ली–प्रचार**

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार ने तेजी पकड़ ली है। पांच फरवरी के मतदान का दिन जैसे–जैसे समीप आ रहा है सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार में जुट गए हैं। इसी कड़ी में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शाहदरा विधानसभा क्षेत्र के करतार नगर में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में रैली कर सकते हैं। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी आज दिल्ली में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

**भर्ती...**

पुलिस विभाग में कांस्टेबल के एक हजार 88 पदों की भर्ती प्रक्रिया के तहत अभ्यार्थियों के लिए ग्राउंड टैस्ट की तिथियों की सूची जारी हो गई है। ये भर्ती प्रक्रिया 11 फरवरी से 27 मार्च तक आयोजित की जाएगी। अभ्यार्थियों को निर्धारित तिथि व स्थान पर अपने पहचान पत्र और कॉल लेटर साथ लाना अनिवार्य है।

**मौसम**

प्रदेश के कुछ जिलों में आज दिन की शुरूआत हल्के बादलों के साथ हुई है। पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ बना हुआ है जिससे तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विभाग ने आज राज्य के कई हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान

केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि इस दौरान ऊना, बिलासपुर, और हमीरपुर में लोगों को शीत लहर का सामना भी करना पड़ेगा।

**टोल प्लाजा**

कुल्लू–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर डोहलू नाला में स्थापित टोल प्लाजा को एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने अगले आदेश तक बंद करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतें सुनने के बाद ये निर्णय लिया गया है। एसडीएम ने कहा कि मनाली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने भी यहां बदहाल सड़क पर नाराजगी जताई थी। विकास शुक्ला ने कहा कि टोल प्लाजा लगने से पहले जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था करना जरूरी होता है।

**एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।
**दिव्य हिमाचल व आपका फैसला** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान को सुर्खी दी है **क्रेडिट बाजार को लेकर समिति गठित।**
अतिक्रमण पर हाईकोर्ट सख्त–कहा नियमों में संशोधन करे सरकारं शीर्षक से **अमर उजाला** ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
**हिमाचल दस्तक** की एक खबर है **प्रदेश में निरंतर घटता जा रहा बिजली का उत्पादन।**
**दैनिक जागरण** लिखता है **रैरा ने देश भर में आई ए एस अधिकारियों को बांट दिया दस लाख रूपए का सेब।**
बहुचर्चित गुड़िया दुष्कर्म व सूरज हत्याकांड मामले पर **पंजाब केसरी** के शब्द हैं **पूर्व आई जी जैदी व अन्य दोषी पुलिस कर्मियों को नौकरी से बर्खास्त करने पर अब नियमानुसार कदम उठाएगी सरकार।**
मौसम पर **दैनिक भास्कर** की सुर्खी है **प्रदेश में आज से फिर एक्टिव होगा पश्चिमी विक्षोभ, 2 फरवरी तक बर्फबारी व बारिश की संभावना।**